हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार 14 मई 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

गुरशीत और उनकी टीम जी को सिम्फनी ऑफ इंडिया में मिला राष्ट्रीय सम्मान
4




## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष पति ने वार्ड 11 में चलाया कचरा वाहन



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ के नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिमा यादव के पति एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव ने स्वच्छता के प्रति एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने सोमवार को अपने गृह वार्ड नंबर 11 में कचरा संग्रह के लिए ई-रिक्शा स्वयं चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। श्री यादव का इस वार्ड से विशेष लगाव रहा है, वे यहां से कई बार पार्षद रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी प्रतिमा यादव मनेन्द्रगढ़ की पहली महिला अध्यक्ष हैं, जो स्वच्छता और विकास के प्रति गंभीरता से प्रयासरत हैं। इस पहल के बारे में सरजू यादव ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ कचरा इकट्ठा करना नहीं, बल्कि लोगों को यह दिखाना था कि स्वच्छता अभियान सिर्फ कर्मचारियों या अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से सफल हो सकता है।

### नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 22 जून को

**बैकुण्ठपुर।** होमगार्ड विभाग द्वारा महिला नगर सैनिकों छात्रावास ड्यूटी एवं नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के रिक्त पदो के लिए भर्ती लिखित परीक्षा 22 जून को व्यापम द्वारा राज्य के चार जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में आयोजित की गई है। विदित हो कि बीते दिनों संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। सभी चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइड पर उपलब्ध है। लिखित परीक्षा कार्यक्रम व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि 16 अप्रैल से 30 मई तक सायं 5 बजे तक है। परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 13 जून 2025 है।

नए जिले एमसीबी में पहली बार राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी ने प्रकरणों की सुनवाई की

# रिटायरमेंट के बाद पत्नी को नहीं दिए रूपए, अब देंगे 5 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की गई। यह प्रदेश स्तर पर आयोग की 312 वीं सुनवाई थी, जबकि नवगठित जिले में यह पहली सुनवाई रही। कार्यक्रम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडीशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एक प्रकरण की सुनवाई में बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने रिटायरमेंट के बाद मिली राशि में से बड़ा हिस्सा नाती के नाम पर जमा कर दिया और उसे घर से निकालकर भरण-पोषण से वंचित कर दिया। आयोग की पहल पर अनावेदक ने 5 लाख रूपए देने की सहमति दी, जिसकी पहली किश्त 15 मई को 5 हजार रूपए और शेष राशि 15 दिन के भीतर दी जाएगी। प्रोटेक्शन ऑफिसर को निगरानी सौंपी गई है। वहीं कार्यक्रम के दौरान राज्य एवं राष्टÑीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली वरिष्ठ महिला एथलीट्स श्रीमती शकुंतला सिंह (70), श्रीमती कमला देवी मंगतानी (67), श्रीमती संजीदा खातून (55) और कक्षा 12 वीं की छात्रा कुमारी स्वाति मंगतानी को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। ये सभी महिलाएं सैकड़ों पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।



प्रकरणों की सुनवाई करती अध्यक्ष किरणमयी नायक।

### सुनवाई में ये रहे अन्य प्रमुख प्रकरण

सुलहनामा के आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध-
एक प्रकरण में दोनों पक्षों द्वारा पूर्व में 25 सितंबर 2024 को हुए सुलहनामे की जानकारी दी गई। आयोग को इसकी सूचना नहीं मिलने के कारण सुनवाई रखी गई थी। दस्तावेज प्रस्तुत करने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

### छेड़छाड़ एवं पैतृक संपत्ति विवाद

एक अन्य प्रकरण में महिला ने छेड़छाड़ और पैतृक संपत्ति से वंचित करने का आरोप लगाया था। सुनवाई के दौरान अनावेदक ने ऋण पुस्तिका और जमीन से जुड़े दस्तावेज महिला को सौंपे। फौती नामांतरण की प्रक्रिया जिला प्रशासन की निगरानी में होगी। कोई तथ्य असत्य सिद्ध होने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### हत्या के आरोप से जुड़ा मामला

एक महिला द्वारा अपनी बहन और भांजे की हत्या का आरोप लगाया गया है। अनावेदक सरकारी शिक्षक होने के कारण अनुपस्थित रहा। यह मामला 14 मई 2025 को अंबिकापुर में पुनः सुना जाएगा। जिला पुलिस के कार्रवाई को भेजने का निर्देश दिया गया है। वहीं एक अन्य प्रकरण में चेक डिसऑनर और धोखाधड़ी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि के बाद प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

## 479 वंचित परिवारों के चेहरों पर आई मुस्कान



**बैकुण्ठपुर।** प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक स्वयं का पक्का मकान हो, जिसमें वह दिनभर के संघर्ष के बाद सुकून की नींद सो सकें। वंचित वर्ग की इस महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यह बेहद प्रसन्नता का विषय है कि आज कोरिया जिले के और 479 परिवारों का पक्के मकान का सपना पूरा हुआ।

मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत इन परिवारों ने मंगलवार को उल्लास पूर्वक गृह प्रवेश कर अपने स्तर पर उत्सव मनाया। मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत 13 मई को राज्य के मुख्यमंत्री के विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय आवास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेष के 51 हजार परिवारों के गृहप्रवेश कार्यक्रम में सांकेतिक सहभागिता की। कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 479 परिवारों ने नए घरों में गृह प्रवेश के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इसमें बैकुंठपुर जनपद पंचायत के 298 और सोनहत जनपद के 181 परिवार शामिल रहे हैं। अब तक जिले में वर्ष 2024-25 के लिए कुल 9007 आवासों की स्वीकृति दी गई है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## एसईसीएल के एमएमयू ने 1224 ग्रामीणों की जांच



**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू के माध्यम से कोरिया जिले के ग्रामीण इलाकों में हर दिन निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और बुनियादी चिकित्सीय परीक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। यह सेवा 16 अप्रैल को प्रारंभ की गई थी और 12 मई तक एसईसीएल परियोजना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चिकित्सा शिविरों में कुल 1224 ग्रामीणों ने इसका लाभ उठाया। हर दिन अलग-अलग स्थानों पर पहुंच रही यह मोबाइल चिकित्सा इकाई, जरूरतमंद ग्रामीणों को उनके गांव में ही योग्य चिकित्सकों द्वारा ⏭ शेष पेज 4 पर

## केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, छात्र आयुष्मान प्रथम



**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीय विद्यालय बैकुण्ठपुर के विद्यार्थियों ने 13 मई को घोषित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (सत्र 2024-25) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 73 और कक्षा 12वीं में 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, और दोनों ही कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100% रहा। कक्षा 10वीं में आरूष त्रिपाठी ने 91.3% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय) में आयुष्मान आशुतोष सिंह ने शानदार 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने के साथ जिले में भी पहचान बनाई। कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) में विनीत कुमार ने 80.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अवनि प्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं एसईसीएल के महाप्रबंधक बीएन झा का मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने विश्वास जताया कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

### अभिनंदन ने 10 वीं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी किए। इसमें 10 वीं बोर्ड में शहर के अभिनंदन बड़ेरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया। मिली जानकारी के अनुसार आलोक बड़ेरिया के पुत्र अभिनंदन बड़ेरिया सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में कक्षा 10 वीं बोर्ड का छात्र था ,जिसने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एन वन ग्रेड से उत्तीर्ण हुआ। जानकारी के अनुसार अभिनंदन ने हिन्दी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय में ए वन तथा अंग्रेजी विषय में ए टू ग्रेड प्राप्त किया।



## खबर संक्षेप

### पटवारियों की समस्याओं का हो निराकरण, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** राजस्व पटवारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंप पटवारियों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। संघ ने प्रत्येक हल्के में पटवारी कार्यालय खोलने, पटवारियों की सेवा पुस्तिका एवं पासबुक को हर महीने अद्यतन करने, अनुकंपा नियुक्ति एवं बजट के कारण एक वर्ष से लंबित मेडिकल बिल का निराकरण करने चयनित पटवारियों को राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति आदेश जारी करने, आवश्यक संसाधन एवं भत्ता प्रदान करने की मांग की। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे ने बताया कि संघ ने पूर्व में संसाधन, कम्प्यूटर, नेट भत्ता एवं आवास की मांग लेकर आंदोलित किया था लेकिन अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। मांगों के शीघ्र पूरा नहीं होने पर संगठन पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगी। इस दौरान श्रीकांत चौबे, संतोष अग्रवाल, शंभु गुप्ता, भ्रमर प्रधान, अनिल टोप्पो, अरविंद सोनवानी, अशोक शुक्ला, शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य पटवारी उपस्थित थे।

### रजनी बनी भाजपा मंडल महामंत्री

**बलरामपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जिले में मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष



ओमप्रकाश जायसवाल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर बलरामपुर मंडल के महामंत्री के रूप में श्रीमती रजनी सोनी की नियुक्ति की गई। बता दें कि रजनी सोनी पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी निभा चुकी है इसलिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इन पर विश्वास जताते हुए मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। इस दौरान श्रीमती सोनी ने कहा कि भाजपा ने मुझ पर जो विश्वास किया उसमें खरे उतरने की पूरी प्रयास करूंगी।

### शिक्षक फेडरेशन के कमलेश प्रांतीय महामंत्री नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन



की आम सभा में प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने शासकीय पॉलीटेक्निक के कनिष्ठ प्रशिक्षक कमलेश सोनी को संगठन का प्रांतीय महामंत्री नियुक्त किया है। कर्मचारी नेता कमलेश सोनी लम्बे समय से फेडरेशन से जुड़े हुए है।

### कुन्नी मंडल में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर बैठक



**लखनपुर।** सोमवार को कुन्नी भाजपा मंडल द्वारा बैठक के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस संकल्प है। बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शशिकला सिंह, विक्रम सिंह, राधे ठाकुर, अजीत सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीती रात पुरुषोत्तमपुर बस्ती में पहुंचा था दंतैल

# हाथी के हमले में गंभीर ग्रामीण इलाज के दौरान गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजगंज

बीती रात वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम पुरूषोत्तमपुर में एक ग्रामीण का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने ग्रामीण को अपनी सूंड में लपेटकर पटक दिया जिससे वन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान तड़के 3 बजे उसकी मौत हो गई।

**खास बात**

- मक्के के खेत से खदेड़ने के दौरान किया था ग्रामीण पर हमला

सरगुजा में हाथियों के हमले में ग्रामीणों की मौत होने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वन अमला लगातार हाथियों की निगरानी करने एवं मुनादी करा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने का दावा कर रहा है इसके बावजूद लगातार हाथियों के हमले में ग्रामीणों की मौत हो रही है। हाथियों की आवाजाही की दृष्टि से सुरक्षित माने जाने वाला वन परिक्षेत्र रामानुजगंज में सीमावर्ती झारखण्ड की आवाजाही होने के कारण आए दिन हमले में ग्रामीणों की मौत हो रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार को झारखण्ड से पहुंचा एक दंतैल छतवा जंगल में भ्रमण कर रहा था। सूचना पर वन अमला आसपास के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को दंतैल के मौजूदगी की सूचना दी थी साथ ही जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी थी। इस बीच हाथी कनहर नदी पार कर झारखण्ड चला गया। झारखण्ड के सीमावर्ती जंगल में कुछ समय गुजारने के बाद दंतैल वापस लौट आया तथा रविवार की मध्य रात्रि पुरूषोत्तमपुर बस्ती में घुस गया। मध्यरात्रि पुरूषोत्तमपुर निवासी सुरेश सिंह पिता राम प्रसाद (48 वर्ष) अपने घर में सोया था। रात्रि 1 बजे घर से सटे मक्के खेत में किसी मवेशी के चलने, मक्के के पौधों के टूटने की आवाज सुनकर सुरेश सिंह की नींद खुली। वह खेत में भैंस घुसने की संभावना पर उसे खदेड़ने के लिए शोर मचाने लगा। अंधेरे के कारण उसे दंतैल नजर नहीं आया जबकि दंतैल ने उसे सुंड मे लपेटकर पटक दिया तथा जंगल की ओर चला गया। हमले में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे वन अमला व ग्रामीणों ने उसे तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान तड़के 3 बजे उसकी मौत हो गई। वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष पाण्डेय ने पीएम उपरांत शव परिजन को सौंपा तथा 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की।



मृतिक के परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

**नहीं मिलती सूचना**

झारखण्ड से सटे होने के कारण कभी भी सीमावर्ती जंगल से हाथी रामानुजगंज जंगल में पहुंच जाते हैं। लोनर हाथी अधिक क्षति पहुंचाते हैं जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण गुलेल से हाथियों पर हमला कर उन्हें रामानुजगंज की ओर खदेड़ते हैं। आक्रोशित लोनर हाथी ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचाने के बाद ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। हाथियों का लेकर झारखण्ड का वन अमला ध्यान नहीं देता जिसके कारण हमेंशा हाथियों की आवाजाही बनी रहती है। झारखण्ड के वन अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्र के वन अधिकारियों को हाथियों के आवाजाही की सूचना तक नहीं देते। सूचना के अभाव में इस तरह की दुर्घटनाएं अधिक होती है। हाथियों के गतिविधि की जानकारी लेने रामानुजगंज के वनकर्मी सीमावर्ती जंगल की भी निगरानी करते हैं इसके बावजूद हाथियों की पूरी सूचना नहीं मिल पाती।

**दी गई है सहायता राशि**

दंतैल झारखण्ड जाने के बाद रात में वापस लौट आया था। वन अमला हाथियों की लगातार निगरानी कर रहा है। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-संतोष पाण्डेय
रेंजर, रामानुजगंज

## सूने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सूरजपुर।** सूने मकान का ताला तोड़ लगभग पांच लाख कीमत की जेवरात चोरी के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई शत प्रतिशत सामान को बरामद किया है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

- पुलिस ने बरामद की चोरी के जेवर

पुलिस के मुताबिक 11 मई को रामानुजनगर निवासी वैभव माहेश्वरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि था कि परिवार के साथ निजी कार्य से घर में ताला लगाकर 6 मई की शाम लखनऊ गया था। 11 मई की सुबह लखनऊ से वापस आया और घर के अंदर गया तो देखा पीछे के दरवाजा का ताला टुटा है और कमरे में सामान बिखरे हुए थे। घर के सामान की जांच की तो पता चला की घर में रखे पांच लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस टीम ने विवेचना के दौरान घर की आलमारी के लॉकर का जायजा लेने पर सोने का चैन घर में ही होना तथा अन्य सोने-चांदी के जेवर चोरी होना पाया। विवेचना की कड़ी में चोरी के मामले में पूर्व में चालान हो चुके



आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की गई। इसी बीच संदेही रामानुजनगर निवासी शिवप्रसाद साहू उर्फ तन्नू व मिथलेश पाण्डेय उर्फ रवि को संदेह के आधार पर पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि 9 मई की रात घर के पीछे का दरवाजा को तोड़कर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर को चोरी कर आपस में बांट लिए थे। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का शत-प्रतिशत सामान बरामद किया।

जिसमें 1 नग चांदी जैसे धातु का मंदिर, सोने जैसे धातु का 2 नग बाली, 3 नग सोने का नाक का फुल्ली, 2 नग टूटा हुआ सोने कान का चैन, 2 नग चांदी जैसे धातु का तुलसी पौधा, 5 नग चांदी धातु का पायल, 6 नग चांदी का कड़ा, 1 नग चांदी का छल्ला, 3 नग चांदी का सिक्का, 7 नग चांदी बिछिया, 1 नग चांदी का मुकुटनूमा मूर्ति का हिस्सा बरामत किया। पुलिस ने आरोपी शिवप्रसाद साहू उर्फ तन्नू साहू आ. स्व. मानिकचंद साहू (20 वर्ष) एवं मिथलेश पाण्डेय उर्फ रवि आ. नर्मदा प्रसाद पाण्डेय (20 वर्ष) के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## युक्तियुक्तकरण के पूर्व हो शिक्षकों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय विद्यालयों एवं उनमें कार्यरत शिक्षकों को युक्तियुक्त करण के निर्देश का छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कड़ा विरोध किया है। जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि युक्तियुक्त करण से राज्य की शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी तथा प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शालाएं केवल मध्याह्न भोजन परोसने के लिए रह जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 के सेटअप के अनुसार शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। वर्तमान में प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक व दो शिक्षक तथा पूर्व माध्यामिक शाला में प्रधान पाठक व चार शिक्षक के पद स्वीकृत है। युक्तियुक्त करण में शिक्षक के 1-1 पद करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे अध्यापन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। शालाओं के बंद होने से अध्ययन त्यागी एवं शाला त्यागी बच्चों की संख्या में वृद्धि होगी तथा शिक्षकों की नियुक्ति एवं पदोन्नति की संभावना खत्म हो जाएगी। सेटअप में छेड़छाड़ कर शिक्षकों को अतिशेष करना गलत है। सरगुजा एवं बस्तर संभाग की शालाओं में वर्ष 2023 में नई नियुक्तियां की गई है। इन शिक्षकों को अतिशेष बताकर निकालना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने युक्तियुक्तकरण के पूर्व लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने, पूर्व में स्वीकृत सेटअप के अनुसार युक्तियुक्त करने एवं मिडिल स्कूल में कार्यभार ग्रहण के आधार पर अतिशेष का चिन्हांकन करने की मांग की है।

### सियान सदन में छग पेंशनर समाज की बैठक



**अम्बिकापुर।** स्थानीय सियान सदन भवन में शनिवार की शाम छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज जिला इकाई की मासिक बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पेंशनरों को 53 प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश जारी नहीं किए जाने पर दुख व्यक्त किया गया। जबकि मध्य प्रदेश के पेंशनरों को आदेश जारी हो गया है। अतः इसके लिए शासन को पत्र लिखने का प्रस्ताव दिया गया। बैठक पश्चात भारत और पाकिस्तान के मध्य हुए युद्ध के दौरान भारतीय सेना की अद्भुत शौर्य और पराक्रम की सराहना की गई। साथ ही अन्य स्थानीय मुद्दों का निराकृत कार्रवाई सुनिश्चित की गई। बैठक में दस नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत किया गया। इस बैठक में 35 से 40 पेंशनर्स गण उपस्थित रहे।



## सूरजपुर संघ को छग हॉकी से मिली संबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नगर आगमन पर सूरजपुर हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।वे हॉकी सूरजपुर की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करने यहां पहुंचे थे।यहाँ पर अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने सूरजपुर हॉकी संघ को छत्तीसगढ़ हॉकी से संबद्धता का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

- हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ने नगर आगमन के दौरान सम्बद्धता का प्रमाण पत्र प्रदान किया

गौरतलब है कि हॉकी सूरजपुर संघ लंबे समय से हॉकी छत्तीसगढ़ से संबद्धता के लिए प्रसायरत था।बैठक में सर्वसम्मति से हॉकी सूरजपुर का संरक्षक अनुपम फिलिप को मनोनित किया गया।बैठक में सरगुजा संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में जिले की भागीदारी और जिम्मेदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान हॉकी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि संबद्धता से खिलाड़ियों को देश-विदेश में मंच मिलेगा और वे सीधे हॉकी इंडिया से जुड़ सकेंगे। हॉकी स्टेडियम के निर्माण, रख-रखाव, खेल सामग्री सहित अन्य मैदानी, तकनीकी और वित्तीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इस दौरान संबद्धता से जुड़े सख्त नियम और संचालन के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।सूरजपुर हॉकी संघ के अध्यक्ष एंथ्रेक्स एक्का ने कहा कि आज जिले में हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।संबद्धता मिलने से खिलाड़ियों में अपने सुनहरे भविष्य को लेकर विश्वास उत्पन्न हुआ है।हम राष्ट्रीय खेल हॉकी को जिले में भी गरिमापूर्ण बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। हॉकी सूरजपुर के सचिव नार्बट तिर्की ने बताया कि बच्चों के लिए निःशुल्क हॉकी समर कैंप लगाया जाएगा। शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के समीप एसईसीएल हॉकी ग्राउंड में प्रातः अभ्यास प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान संरक्षक अनुपम फिलिप, अध्यक्ष एंथ्रेक्स एक्का, नार्बट तिर्की, दीपक खाखा, पूर्व खिलाड़ी मेहताब आलम, प्रभात रंजन सिन्हा, वीरेंद्र मिश्रा, क्रिकेट संघ के सुरेशन स्वाईं, शशि नान्हू, कमल मंडल, सज्जी उमर, फुटबॉल संघ के रामबहादुर लामा, रामधारी राजवाड़े, भुवन रजक, नरेश तिर्की, हाबिल लकड़ा, राजेश मिंज, स्टीफन कुजूर, सुनील मिंज, संदीप कुमार, अनीश कुमार, डेनिश मिंज, विशाल मिंज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने कृषि विवि खोलने सौंपा केन्द्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन

**अंबिकापुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की सरगुजा इकाई ने जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में केंद्रीय कृषी मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंप सरगुजा जिले में कृषी विश्वविद्यालय के स्थापना की मांग की है। केंद्रीय कृषि मंत्री के अंबिकापुर आगमन के 1 दिन पूर्व सौंपे गए इस ज्ञापन में आदिवासी बहुल कृषि प्रधान सरगुजा संभाग के लिए इसे समय की जरूरत बताया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से सरगुजा क्षेत्र की परंपरागत खेती विधि में नवाचार आने से खेती का नया मॉडल बनेगा। क्षेत्र की कृषि उन्मुखी अर्थव्यवस्था को नए अनुसंधान का लाभ प्राप्त होगा साथ ही फसलों की विद्यमान स्थानीय प्रजाति के अधिक उपज का मार्ग प्रशस्त होगा। इन कदमों से क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पलायन रुकेगा। इस दौरान एनएसयूआई के सदस्य राधे अग्रवाल, अभिषेक सोनी, अतुल यादव, सुशील कसेरा, संचर नवाज, अंकित जायसवाल, आयुष जायसवाल आदि भी मौजूद थे।



### कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण दिए निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से संबंधित सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने फौती नामांतरण, भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा व नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी उपलब्धता, अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान तथा वन अधिकार पट्टा जैसे विषयों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता रखते हुए प्रक्रियाओं को तेज गति से पूर्ण करें।

### गिरने से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में गिरने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना अंतर्गत ग्राम बलदेव नगर निवासी कुंवर साय आ. स्व. दलेल साय (71 वर्ष) 10 मई की सुबह घर में अचानक गिर गया।



## एक राष्ट्र, एक चुनाव पर परसा मंडल में संगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** भाजपा मंडल परसा द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन रविवार को ग्राम केपी के मंदिर प्रांगण में किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विजन देश को नई दिशा देगा। बार-बार होने वाले चुनावों से बचकर हम अधिक संसाधनों का उपयोग देश और गांवों के विकास में कर सकेंगे। यह केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की ओर एक ऐतिहासिक और आवश्यक कदम है। एक राष्ट्र, एक चुनाव आज केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि भारत की अपरिहार्य आवश्यकता बन चुकी है। जिला मंत्री विजय व्यापारी ने कहा कि इससे न केवल चुनावों में धन की बर्बादी रूकेगी, बल्कि हर चुनाव हारने के बाद दूसरी जगह चुनाव लड़ने की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा। इससे स्थानीय लोगों को चुनाव में भागीदारी का अधिक अवसर मिलेगा। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अनामिका पैंकरा ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ कम होगा और विकास कार्यों में रफ्तार आएगी। मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज इस गंभीर विषय पर गांव-गांव में आम सहमति बनाने हेतु संगोष्ठियां आयोजित कर ग्राम सभाओं से प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया जा रहा है। संगोष्ठी को मंडल संयोजक सुनील यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बसंत गिरी एवं आभार प्रदर्शन रूपा गुप्ता ने किया। इस दौरान दिनेश कुमार नागेश, सरपंच गंगाराम गिरी, पंचम राम, अजय गुप्ता, साधना सरकार, नंदिनी सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, समीर मंडल सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख उपस्थित थे।

## एनीकट निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

**डांड़गांव।** विकासखंड उदयपुर के झिरमिट्टी उद्यान के समीप खरफरी नाला में जल संसाधन द्वारा 285. 55 लाख के लागत से निर्माण होने वाले एनीकट निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक राजेश अग्रवाल ने किया। लम्बे समय से ग्राम वासियों द्वारा एनीकट निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी। विधायक के पहल से वर्षो पुरानी मांग पुरी होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। एनीकट निर्माण से सैकड़ों किसानों को काफी फायदा होगा। गौरतलब है कि उदयपुर क्षेत्र के लोगों द्वारा झिरमिटी खरफरी नाला में एनीकट निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी। विधायक राजेश अग्रवाल के पहल से झिरमिट्टी उद्यान के पास खरफरी नाला में एनीकट निर्माण हेतु 285.55 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान हुई। एनीकट स्वीकृति मिलने उपरांत सोमवार को विधायक राजेश अग्रवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण स्थल पर पहुंच एनीकट निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया है।

## स्वीकृति के बाद राशि आहरित लेकिन नहीं हुआ काम, ग्रामीणों में आक्रोश

# सरपंच-सचिव ने हड़प ली सीसी सड़क निर्माण की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को निचले स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। आलम यह है कि शासन द्वारा जारी राशि का बन्दर बांट कर लिया जा रहा है और आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे है।

एक बार फिर ग्राम पंचायत भुशु के पूर्व सरपंच व सचिव पर सीसी सड़क निर्माण की राशि हड़पने का आरोप लगा है। शासन द्वारा जारी राशि निकाल ली गई लेकिन निर्माण कार्य नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने सरपंच सचिव के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत भुशु में पूर्व सरपंच राम भगत लकड़ा व सचिव सुरेन्द्र टोप्पो द्वारा सीसी सड़क निर्माण के नाम पर लाखों रूपए की राशि आहरित कर ली गई।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त राशि से शिव मन्दिर तक सीसी सड़क का निर्माण कराया जाना था। निर्माण हेतु राशि जारी की गई थी लेकिन एक साल बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया



जिससे ग्रामीणों में रोष का माहौल है। उन्होंने तात्कालिक सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो पर निर्माण कार्य की राशि गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है बारिश के दिनों में कीचड़ से बचने के लिए शिवमंदिर पहुंच मार्ग में सीसी रोड का निर्माण जरूरी था लेकिन तात्कालिक सरपंच सचिव ने मिलकर इसका भी बंटाधार कर दिया। सालों पूर्व निर्माण कार्य के नाम पर राशि आहरण करने के बाद बिना सीसी रोड बनाये राशि का गबन कर लिया। इस संबंध में ग्रामीणों ने तात्कालिक सरपंच रामभगत लकड़ा एवं मौजूदा सचिव सुरेंद्र टोप्पो के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। इसके अलावा ग्रामीणों ने अधिकारियों से सीसी रोड पूर्ण कराने की मांग की है ताकि बारिश के दिनों में मंदिर आने जाने में होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल सके। इस संबंध में सीईओ एसके मरकाम ने जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



# फिल्म 'कन्नप्पा' का अमेरिका में प्रचार शुरू...

**नई दिल्ली।** तेलुगु अभिनेता और निर्माता विष्णु मांचू अपनी पौराणिक ड्रामा फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। यह फिल्म 27 जून को रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज से पहले इसका प्रचार शुरू हो चुका है। इस फिल्म का प्रचार सबसे पहले अमेरिका से शुरू हुआ। विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को लेकर अमेरिका में प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। विष्णु ने अपनी इस खास फिल्म का प्रचार करने के लिए अमेरिका में चार दिन का दौरा किया। यह दौरा न्यूयॉर्क से शुरू होकर न्यू जर्सी, डलास और सैन फ्रांसिस्को तक गया। हर जगह प्रशंसकों को 7 मिनट की खास वीडियो दिखाई गई।

लाइफ Style

# नंदिनी

## भारतीय परिधान में मंच पर बिखेरा जलवा

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच दुनिया के सबसे शानदार खिताब में एक मिस वर्ल्ड समारोह का आखिरकार रविवार को उद्घाटन हो ही गया। 72वीं मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता का भव्य आगाज हैदराबाद में 11 मई को हुआ। मिस वर्ल्ड 2025 का महाकुंभ शुरू हो चुका है।

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

इस बार इसकी मेजबानी का जिम्मा भारत के पास है। जिसमें राजस्थान के कोटा की रहने वाली नंदिनी गुप्ता ने मिस वर्ल्ड के मंच पर अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने पहले ही दिन कॉस्ट्यूम राउंड में अपनी छाप छोड़कर सबका दिल जीत लिया। नंदिनी इस प्रतियोगिता में 110 देशों की सुंदरियों को कड़ी टक्कर देने वाली हैं। मिस वर्ल्ड 2025 के मंच पर खुद को पेश करने के बाद नंदिनी ने इस इवेंट की तस्वीरों को उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सांझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आज रात, मुझे सच में समझ में आया कि 'भारत की बेटी' होने का क्या मतलब है। इस रात को कभी न भूलने वाली बनाने के लिए मिस वर्ल्ड का बहुत-बहुत आभार। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का ताज जीत चुकी नंदिनी नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड के लिए भारत की स्वर्णिम संस्कृति की कहानी बयां करती खूबसूरत पोशाक पहनकर आईं। जैसे ही सुंदरी हाथ में भारतीय ध्वज लेकर मंच पर आईं, हर कोई उन्हें देखता रह गया। उनके लुक को खास बनाने के लिए हर एक तत्व का खास ख्याल रखा गया था, जो भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दर्शाता था। नंदिनी गुप्ता राजस्थान के कोटा कैथून के भांडाहेड़ा की रहने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला



# जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

**लॉस एंजिल्स।** 'एक्वामैन' अभिनेत्री एम्बर हर्ड ने 'मदर्स डे' पर अपने जुड़वा बच्चों के जन्म की घोषणा की। इससे पहले उन्होंने दिसंबर 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। एम्बर हर्ड ने 11 मई को अपने इंस्टाग्राम दिल छू लेने वाली खबर का खुलासा किया, जहां उन्होंने जहां उन्होंने अपने तीनों बच्चों के पैरों की एक तस्वीर साझा की और कैप्शन में एक भावुक नोट लिखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'मदर्स डे' एक ऐसा दिन होगा जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।



# 'ईकोज ऑफ अस' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यूलिया वंतूर अब हॉलीवुड फिल्म में अपना एक्टिंग डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही जो राजन द्वारा निर्देशित फिल्म 'ईकोज ऑफ अस' में नजर आएंगी। यह एक इंग्लिश फिल्म होगी। सलमान खान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर जल्द ही हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई है, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि वह जल्द ही 'ईकोज ऑफ अस' में नजर आएंगी। ईकोज ऑफ अस' एक अंग्रेजी भाषा की फिल्म होगी, जिसमें यूलिया वंतूर के अलावा पूजा बत्रा, दीपक तिजोरी और स्पेनिश अभिनेत्री एलेसेंड्रा व्हेलन मैरिज नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन जो राजन करेंगे, जिन्होंने 'लव यू सोनियो' से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। बहरहाल, फिल्म की शुटिंग आज से शुरु हो चुकी है।



# टॉम क्रूज के साथ ली मास्टरक्लास...


**मुंबई।** अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। सबसे खास बात यह है कि वह लंदन में हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टरक्लास का हिस्सा हैं और इसी पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए शेयर किया है। अवनीत कौर इन दिनों लंदन में हैं। वहां पर वह हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की मास्टक्लास अटेंड करने के लिए गई हैं। इसी एक्सपीरियंस को उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। पहली इंस्टाग्राम स्टोरी में टॉम क्रूज ब्लैक शर्ट-पेंट में हमेशा की तरह हैंडसम दिख रहे हैं। यहां पर सभी टॉम का जोश से स्वागत करते नजर आ रहे हैं और इसकी खुशी टॉम के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। अवनीत ने इस स्टोरी पर टॉम की एक वीडियो क्लिप लगाई है और लिखा - 'फिर से.. टॉम क्रूज.. द औरा.. रिस्पेक्ट और प्यार..'।



# लंदन में हुईं आरआरआर की स्क्रीनिंग...

**मुंबई।** एसएस राजामौली निर्देशित साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर'साल 2022 में रिलीज हुई और देश-दुनिया में छा गई। विदेश दर्शक भी इस फिल्म के दीवाने हो गए। फिल्म 'आरआरआर' के एक गाने 'नाटू नाटू' को ऑस्कर अवार्ड भी मिला। इस फिल्म को गोल्डन ग्लोब जैसे इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में काफी सराहा गया। हाल ही में इस फिल्म की स्क्रीनिंग लंदन के मशहूर रॉयल अल्बर्ट हॉल में की गई। इस स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रही हैं, जिसे भारतीय दर्शक सराहा रहे हैं। आरआरआर नाम के ऑफिशियल एक्स (ट्विटर)अकाउंट ने लंदन के रॉयल अल्बर्ट हॉल से फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग की तस्वीर साझा की है। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'हिस्ट्री'।

टीवी मसाला



# टीवी के इन पॉपुलर पांच शोज में आने वाला है लीप

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में आने जा रहे लीप के बारे में हाल ही में पता चला है। खबर है कि शो की कहानी एक झटके में 5 से 7 साल आगे बढ़ जाएगी। लेकिन, यह इकलौता शो नहीं है, जिसमें लीप आने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कुल मिलाकर 5 शोज हैं जिनकी कहानी में लीप आने जा रहा है। लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे शो 'भाग्यलक्ष्मी' की कहानी में जेनरेशन लीप आने जा रहा है। यानि इस लीप के बाद जीटीवी के इस सीरियल में पूरी पीढ़ी ही बदल जाएगी। झनक टीआरपी लिस्ट में लंबे वक्त से टॉप 10 में बना हुआ है। दर्शकों की पहली पसंद बने हुए इस शो में लगातार नए उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। लेकिन, बीते कुछ वक्त से शो में रूखापन आ गया था जिसके बाद मेकर्स ने शो को नई रफ्तार देने के लिए लीप लाने का फैसला किया है। आंचल साहू, अंकुर वर्मा और तन्वी डोगरा स्टारर यह शो परिणीति भी जेनरेशन लीप के लिए तैयार है। मेकर्स नए किरदार और नए कलाकारों के साथ कहानी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस सबके अलावा स्टार प्लस का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है, भी अभी तक कई लीप से गुजर चुका है और अब फिर एक बार इस शो में कहानी कई साल आगे बढ़ने वाली है। अनुपमा में भी लीप आने की बात कही गई थी। पिछले दिनों एक प्रोमो वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिखाया गया कि अनुपमा अहमदाबाद छोड़कर चली जाएगी।


## सुनील पाल ने राहुल को दी डॉक्टर से इलाज कराने की सलाह...

**नई दिल्ली।** राहुल कृष्ण वैद्य ने बीते दिन क्रिकेटर विराट कोहली के बारे में कमेंट किया था। भारत के पूर्व कप्तान ने अवनीत कौर की फोटो लाइक की थी और बाद में उसे 'गलती से हुआ', कह दिया था। साथ ही दावा किया था कि सोशल मीडिय के एल्गोरिदम भी इसके लिए जिम्मेदार है। इस पर राहुल वैद्य ने तंज कसा था। जिसके बाद जमकर उनकी आलोचना हुई थी। अब सुनील पाल ने इस वाकये पर रिएक्ट किया है। कॉमेडियन सुनील पाल, जो कि अक्सर विवादित बयानबाजी के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने 'इंस्टेंट बॉलीवुड' से बातचीत के दौरान राहुल वैद्य को डॉक्टर से सलाह लेने की नसीहत दी है। जब उनसे पूछा गया कि सिंगर ने विराट कोहली के बारे में जो टिप्पणी की थी, उस पर उनकी क्या राय है, तो कॉमेडियन ने कहा, 'ये राहुल है और वो विराट है। समझे आप।



# 'शूरवीर युद्ध में अपनी वीरता दिखाते हैं, बातें नहीं करते'

**मुंबई।** काफी आलोचनाओं के बाद बिग बी अब भारत-पाकिस्तान के बीच पैदा हुई परिस्थितियों पर एक्टिव नजर आ रहे हैं। युद्ध विराम के बाद उन्होंने बीती देर रात एक एक्स पर एक और पोस्ट किया। अपने इस पोस्ट में बिग बी ने तुलसीदास जी की रामचरितमानस की एक पंक्ति का जिक्र करते हुए लिखा, 'सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आप।' पंक्ति का अर्थ बताते हुए उन्होंने लिखा, 'पंक्ति का अर्थ है कि शूरवीर अपने पराक्रम को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपनी वीरता का प्रदर्शन करने के लिए बातें नहीं बनाते। यह पंक्ति तुलसीदास जी के रामचरितमानस के लक्ष्मण-परशुराम संवाद से ही ली गई है, कि शूरवीर अपनी वीरता को युद्ध में करके दिखाते हैं, वे अपने मुंह से अपनी प्रशंसा नहीं करते। कायर लोग ही युद्ध में शत्रु को सामने देखकर अपनी वीरता की डींगें हांका करते हैं।' अपनी पोस्ट में आगे बिग बी ने अपने पिता कवि हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियों का जिक्र किया। साथ ही इस पोस्ट से पहले शेयर की उनकी कविता के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा, 'हाइलाइट की गई लाइन पूरी है। जिसका मतलब है कि युद्ध में वीर बहादुर, अपनी वीरता दिखाते हैं। वे अपनी बहादुरी और वीरता का गुणगान नहीं करते। वो कायर हैं जो दुश्मन को देखकर केवल अपनी बहादुरी का नारा लगाते हैं। शब्दों ने व्यक्त किया है पहले से कहीं अधिक सत्य। एक कवि और उनकी दृष्टि पहले से कहीं अधिक महान।



# हेमा मालिनी से लेकर ऐश्वर्या तक, ये अभिनेत्रियां निभा चुकी हैं नर्स का किरदार, संघर्ष भरी है कहानी

**नई दिल्ली।** नर्स वह लोग होते हैं जो मरीजों की देखभाल करते हैं। किसी मरीज को ठीक करने में जितना हाथ किसी डॉक्टर का होता है, उतना ही हाथ नर्स का भी होता है। बॉलीवुड में कई फिल्में बनीं हैं, जिनमें किसी एक्ट्रेस को नर्स के तौर पर दिखाया गया है।

**ऐश्वर्या राय :** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गुजारिश' (2010) में ऐश्वर्या राय ने एक निर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक मरीज का किरदार निभाया है। ऐश्वर्या राय मरीज ऋतिक से प्यार करती हैं। वह अपनी जिंदगी मरीज की सेवा करने में गुजार देती हैं। फिल्म में मरीज और नर्स के बीच अच्छा रिश्ता दिखाया गया है।



**हेमा मालिनी :** साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म 'सत्ते पे सत्ता' में हेमा मालिनी ने नर्स का किरदार निभाया है। फिल्म में अमिताभ बच्चन अमह किरदार में हैं। अमिताभ बच्चन सात भाई होते हैं जो असभ्य होते हैं। नर्स बनी हेमा न सिर्फ मरीजों का इलाज करती हैं, बल्कि लोगों को सभ्यता सिखाने की कोशिश करती हैं।



**वहीदा रहमान :** साल 1970 में फिल्म 'खामोशी' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वहीदा रहमान ने एक नर्स का किरदार निभाया था। फिल्म में राजेश खन्ना अहम किरदार में थे। फिल्म में वहीदा रहमान मानसिक रोगियों का इलाज करती हैं। इस दौरान उन्हें एक मरीज से प्यार हो जाता है। जब वह ठीक होकर चला जाता है तो उनका दिल टूट जाता है। फिल्म में नर्स की नौकरी का संघर्ष दिखाया गया है।



**मुमताज :** साल 1970 में रिलीज हुई फिल्म 'खिलौना' में मुमताज ने एक नर्स का किरदार निभाया था। मुमताज को एक तवायफ, एक ऐसे मरीज की देखभाल के लिए रखती है जिसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। मुमताज उस मरीज की पत्नी होने का नाटक करती हैं और उसे ठीक करने में मदद करती हैं।



**मीना कुमारी :** फिल्म 'दिल अपना प्रीत पराई' साल 1960 में रिलीज हुई थी। फिल्म में मीना कुमारी ने नर्स का किरदार निभाया था। यह फिल्म एक डॉक्टर की कहानी है। फिल्म में राज कुमार अपने परिवारिक दोस्त की बेटी से शादी करने वाले होते हैं, लेकिन उन्हें नर्स से प्यार हो जाता है। हालांकि, दोनों इस बात को स्वीकार नहीं करते हैं।



*मुंबई। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं जिन्होंने इंडियन क्रिकेटर्स से शादी की, इस लिस्ट में अनुष्का शर्मा भी शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और एक्ट्रेस*



*अनुष्का शर्मा की शादी को एक लंबा वक्त हो चुका है। हम आपको यहां बता रहे हैं कि इनकी लव स्टोरी, मैरीड लाइफ से जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में।*

# अनुष्का-विराट कोहली की कब हुई पहली मुलाकात? क्रिकेटर की कौन सी बात ने जीता एक्ट्रेस का दिल

### कब हुई पहली मुलाकात

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और क्रिकेटर्स को अक्सर ही एड फिल्मों में देखा जाता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक शैंपू का एड विराट और अनुष्का ने किया था। यही इनकी पहली मुलाकात थी, इसके बाद ही डेटिंग शुरू हुई। कुछ साल डेट करने के बाद साल 2017 के दिसंबर माह में अनुष्का और विराट शादी के बंधन में बंध गए। 11 जनवरी 2021 को अनुष्का ने बेटी वामिका को जन्म दिया, वहीं 15 फरवरी 2024 में बेटे अकाय को जन्म दिया। इन दिनों अनुष्का फिल्मों से दूर अपने बच्चों की परवरिश में पूरा समय दे रही हैं, विराट भी परिवार के साथ ही अधिक समय गुजारते हैं।

### विराट की जिंदगी में क्या बदलाव आए



सिर्फ अनुष्का शर्मा की ही जिंदगी विराट के कारण नहीं बदली। विराट की जिंदगी में भी कई बदलाव अनुष्का शर्मा के कारण आए। साल 2020 में दिए गए एक इंटरव्यू में विराट ने कहा, 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तब आपको अपने ईगो को छोड़ना होता है। मुश्किल वक्त में डटे रहना पड़ता है, लगातार स्ट्रगल करते रहना पड़ता है, आखिर में आपको कोई रास्ता मिल ही जाता है। मैंने अनुष्का को ऐसा करते देखा और उससे यही बात सीखी भी है।'

### डेटिंग के वक्त विराट की कौन सी बात आई पसंद

विराट कोहली को जब अनुष्का शर्मा डेट कर रही थी तो उस दौरान एक खास बात उन्हें क्रिकेटर की पसंद आई। अनुष्का ने साल 2023 में इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स से जुड़े एक इवेंट में कहा था, 'डेटिंग करने से पहले मुझे विराट की एक बात अच्छी लगी, वो थी इसकी याददाश्त। मुझे लगा ये बात मेरे लिए काफी मददगार होगी।' विराट कोहली की अच्छी याददाश्त के कारण ही अनुष्का उनके करीब आईं।

### वो रिकॉर्ड याद रखेंगे और मैं तुम्हारे आंसू

अभिनेत्री ने विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा। अभिनेत्री ने लिखा, 'वो रिकॉर्ड याद रखेंगे, लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो आपने कभी नहीं दिखाए। वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने खेल के इस फॉर्मेट को दिया। मुझे पता है कि इन सबने आपसे कितना कुछ छीन लिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से ढलते देखना मेरे लिए सौभाग्य रहा है।मैंने हमेशा सोचा था आप सफेद कपड़ों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है, इसलिए मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि मेरे प्यार, आपने इस अलविदा के हर पल को कमाया है।'

## खबर संक्षेप

### एसटी, एससी, ओबीसी महासंघ की बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में एसटी, एससी, ओबीसी महासंघ, जिला एमसीबी की महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और महासंघ के उद्देश्यों पर गहन चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता महासंघ के संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेशचंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि महासंघ की प्रमुख प्राथमिकता समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। महासंघ के प्रवक्ता श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक समस्याओं के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष शरण सिंह ने भरतपुर, खड़गवां और मनेन्द्रगढ़ विकासखंडों में त्वरित कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए। इसीक्रम में बैठक के दौरान मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष गजराज सिंह कुसरो ग्राम पाराडोल, उपाध्यक्ष रामबसंत ग्राम लालपुर, सचिव छत्रपाल रवि ग्राम पिपरिया सहित अन्य पदाधिकारियों के चयन के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ध्रुपद चौहान, भागवत सिंह मरावी, कौशिल्या सिंह, ललिता पाव, लालसाय बैगा, रामप्रसाद नगनिहा, सुजीत सिंह, सरोधन सिंह, नभाग सिंह, संतोष सिंह, महेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिजुरी।** थाना क्षेत्रांतर्गत नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी भगवान दास पाव पिता मोहन पाव उम्र 46 वर्ष निवासी गुलीडांड़ को स्थानीय बिजुरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। थानाक्षेत्र निवासी फरियादी द्वारा थाना बिजुरी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि मेरी नाबालिग लड़की, जो बीते 8 मई को बिना बताए नाना के घर जा रही थी, जिसे रास्ते में भगवानदास द्वारा बहला फुसलाकर अपनी मोटर साइकल में बैठाते हुए पचखुरा गांव के जंगल समीप ले जाकर, जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी द्वारा लड़की को कनवाही गांव में छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी कनवाही गांव के लोगों से मिलने बाद, परिजन ने युवती को घर लाकर मामले की पूछताछ किया गया। तत्पश्चात बिजुरी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत किया गया। फरियादी द्वारा की गई शिकायत पर बिजुरी पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए अपराध क्रमांक 138/25 धारा 137 (2), 64 बीएनएस, 3,4 पाक्सो एक्ट का कायम कर, मामले को विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद विशेष टीम गठित कर बिजुरी पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी करते हुए, उसे उसके गृहनिवास गुलीडांड़ से गिरफ्तार किया गया एवं आवश्यक साक्ष्य संकलन कर, आरोपी को न्यायालय कोतमा में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।


समक्षः-श्रीमान् नोटरी महोदय बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

-::शपथ पत्र::-

मैं अशोक कुमार राजवाड़े आ. धर्मपाल राजवाड़े आयु 37 वर्ष निवासी ग्राम कर्री थाना व तहसील सोनहत जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूं जो निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं:-
01/- यह कि मेरा ड्रायविंग लायसेंस बना हुआ है जिसका नं.- CG 1620110002631 जिसमे मेरा नाम (ASHOK KUMAR) दर्ज है। जो कि सरनेम दर्ज नहीं है। 02/- यह कि मेरे आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम (ASHOK KUMAR RAJWADE) दर्ज है। 03/- यह कि, मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मैं अपना नाम सुधार कराना चाहता हूं तथा अपना सरनेम दर्ज कराना चाहता हूं जिसके समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

हस्ता. शपथकर्ता

-::सत्यापन::-

मैं अशोक कुमार राजवाड़े आ. धर्मपाल राजवाड़े सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लगायत 03 तक की कथन मेरे स्वतः की जानकारी से सत्य व सही है। आज दिनांक 13.05.2025 को स्थान बैकुंठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्ययापित किया।

हस्ता. शपथकर्ता


### वेक्स समिट 2025 में फर्स्ट रनर अप बनकर मनेंद्रगढ़ और छत्तीसगढ़ का नाम किया रोशन

# गुरशीत और उनकी टीम जी को सिम्फनी ऑफ इंडिया में मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मनेंद्रगढ़ की धरती एक बार फिर गर्व से गौरवान्वित हुई जब यहां की युवा संगीत साधिका गुरशीत कौर खनूजा एवं उनकी टीम जी ने वेक्स समिट 2025 में आयोजित राष्ट्रीय टेलीविजन रियलिटी शो "सिम्फनी ऑफ इंडिया" में फर्स्ट रनर अप का सम्मान प्राप्त किया। यह भव्य आयोजन 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई स्थित एनएससीसी में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से संगीत और संस्कृति के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय, लोक और फ्यूजन संगीत को एक नवीन मंच प्रदान करना था, और इसमें जो सबसे उल्लेखनीय बात रही, वह यह थी कि प्रस्तुत सभी गीत नवाचार पर आधारित थे — गीतों की रचना और धुनें पूर्णतः मौलिक थीं, जो संगीत की आत्मा को छूने वाली थीं।

टीम जी की प्रस्तुतियों ने मंच पर भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा और उसकी आधुनिक चेतना का सुंदर समागम प्रस्तुत किया। टीम की निर्देशक श्रुति वर्मा के नेतृत्व में, इस युवा दल ने न केवल तकनीकी उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि संगीत में भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक आत्मा को भी जीवंत किया। गुरशीत कौर खनूजा ने इस उपलब्धि पर कहा, ₹यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि पूरे मनेंद्रगढ़ और








छत्तीसगढ़ के लिए है। हमने मंच पर भारत की आत्मा को सुरों में पिरोने की कोशिश की है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर किया गया, जिससे देशभर के दर्शकों ने इस प्रतिभा को महसूस किया। समिट के मंच से गुरशीत और उनकी टीम को सम्मानित किया गया, जहां संगीत जगत के कई प्रतिष्ठित कलाकारों, नवप्रवर्तकों और सांस्कृतिक दूतों की उपस्थिति ने इस पल को और भी ऐतिहासिक बना दिया। यह उपलब्धि मनेंद्रगढ़ की सांस्कृतिक चेतना के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरी है और निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करती है कि अगर जुनून हो, तो सीमाएं केवल मानसिक होती हैं।

## समय पर नहीं बैठते हैं डॉक्टर, मरीज परेशान



कक्ष से नदारत चिकित्सक।

**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल बैकुंठपुर इन दिनों अव्यवस्थाओं का शिकार होता जा रहा है। अस्पताल में डॉक्टरों की ड्यूटी सुबह 9 बजे से 1 बजे तक निर्धारित है, लेकिन हकीकत यह है कि सुबह 11 बजे तक कई डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंचते। इसी तरह की स्थिति शाम पॉली में भी रहती है। महिला चिकित्सकों के भी समय पर नहीं रहने से मरीज इधर-उधर भटकते रहते हैं। सबसे ज्यादा दूर-दराज से आए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कई बार उन्हें बिना इलाज के लौटना पड़ता है। जिला मुख्यालय सहित सोनहत, बचरापोड़ी, कुड़ेली, पटना जैसे इलाकों से आए मरीजों ने शिकायत की है कि वे सुबह 9 बजे से अस्पताल में मौजूद हैं।

- **मौसम बदलाव से मरीजों की संख्या बढ़ी**

### उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

बैकुंठपुर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम परिवर्तन के कारण उल्टी-दस्त (डायरिया) के मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जिला अस्पताल में हर दिन दर्जनों मरीज उल्टी और पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं,लेकिन डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गर्मी और गंदे पानी के चलते संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

## देश के विकास में वन नेशन वन इलेक्शन निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के सुरभि पार्क में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन व्यवस्था देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। बार-बार चुनावों में शिक्षकों, पुलिसकर्मियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है,जिससे बच्चों की शिक्षा, कानून व्यवस्था और नागरिक सेवाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि जनता के टैक्स का पैसा भी संरक्षित रहेगा, जिसे देश के आधारभूत ढांचे के विकास में लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी खर्चों में कटौती से कई आवश्यक वस्तुएं सस्ती होंगी और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती पावले ने भी इस विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

उन्होंने कहा कि इससे शासन में स्थायित्व आएगा और विकास की गति तेज होगी। इस अवसर पर छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन संचेती, प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, अधिवक्ता गणेश अग्रवाल, कैलाश गोयल, आशीष सिंह, संजय सिंह सेंगर, जय चंद बोथरा, रमाकांत पढ़यिार, लक्ष्मी चंद केसरी सहित अन्य वक्ताओं ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

### पौधरोपण अभियान के लिए मैदानी स्तर पर करें तैयारी

**बैकुण्ठपुर।** संयुक्त कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों को निराकृत करने के लिए सुशासन तिहार, विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल, जनदर्शन आदि में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बैठक में जिला स्तरीय समस्त विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा सुशासन के महती उद्देश्य को लेकर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है।






## केमिकल फ्री अचार बना रहीं दीदियां

**बैकुण्ठपुर।** जिला प्रशासन कोरिया द्वारा जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित वोकल फार लोकल की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं को देशी उत्पाद बनाने के लिए आवश्यक मदद और संसाधन देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को चयन कर उनके कौशल का विकास कर ऐसे उत्पाद निर्माण कार्यों में संलग्न किया जा रहा है, जिससे वह लखपति दीदी की श्रेणी में आ सकें और उनका आर्थिक स्वावलंबन निर्धारित हो सके।

इस कड़ी में मंगलवार को कोरिया जिले में स्व सहायता समूह की दीदियों ने केमिकल फ्री अचार बाजार में उपलब्ध करा दिया है, इसका औपचारिक शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किया। कोरिया जिले में दो जगहों पर कोरिया पिकल नामक देशी अचार उत्पाद निर्माण की इकाईयों को प्रारंभ किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदिया में यह कार्य आरंभ हो चुका है और सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत घुघरा में यह अचार निर्माण इकाई प्रगतिरत है। ग्राम पंचायत छिंदिया की जागृति महिला समूह की 12 दीदियों ने मिलकर कोरिया पिकल के ब्रांड नेम से अचार उत्पाद बनाना आरंभ किया है। समूह की दीदियों ने बताया कि वह देशी तरीके से मसालों का और तेल का उपयोग कर स्वादिष्ट अचार निर्माण कर रही हैं। इसके निर्माण में उन्होंने किसी भी तरह का केमिकल या बाजार से रसायन का उपयोग नहीं किया है। उनका यह स्वदेशी अचार पूरी तरह से देशी पद्धति से तैयार किया गया है। जिसके शुद्धता की शत प्रतिशत गारंटी है। समूह की सदस्यों ने बताया कि प्रथम चरण में उनके द्वारा आम, इमली, कटहल, मिर्च-अदरक के छह प्रोडक्ट मार्केट में उतारे गए हैं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कोरिया पिकल ब्रांड नेम से उपलब्ध देशी अचार की श्रृंखला के समस्त उत्पादों की तारीफ करते हुए कहा कि यह वाकई घर के अचार सा स्वादिष्ट है।



**मिलेटस कैफे में उपलब्ध**

अचार निर्माण करने वाले जागृति महिला स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती नीलम ने बताया कि अब तक उन्होंने 10 क्विंटल कोरिया पिकल तैयार कर लिया है और यह कांच के जार की आकर्षक पैकिंग में तैयार है। आम नागरिक केमिकल फ्री कोरिया पिकल को मिलेटस कैफे से न्यूनतम कीमत पर प्राप्त कर सकते हैं।

## नामांकन बढ़ाने और शिक्षा सुधार पर हुई चर्चा

**खड़गवां।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता से मिले। जिले ने इस वर्ष हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में पूरे राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है, इस उपलब्धि पर शिक्षक संघ ने डीईओ को शुभकामनाएं दीं। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं, विद्यालयों की स्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि जिले में सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए मत करो खर्च फिजूल में, दाखिला सरकारी स्कूल में जैसे नारे के साथ जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा, मुफ्त पुस्तकें, यूनिफॉर्म, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति, स्मार्ट क्लास, अनुभवी शिक्षक, किचन गार्डन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 479 वंचित परिवारों...

इनमें से अब तक 8,478 लाभार्थियों को पहली किस्त और 4,124 को दूसरी किस्त जारी की जा चुकी है, जबकि 1,748 आवास पूर्ण हो चुके हैं। पिछले 14 महीनों में जिले में 5,548 आवासों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इसके साथ ही, आवास प्लस सर्वे 2.0 के अंतर्गत जिले में 26,000 परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है, जो आगामी समय में इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### एसईसीएल के एमएमयू ...

परामर्श, दवाएं और प्राथमिक जांच की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस सेवा में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। यह पहल एसईसीएल की अपने कार्यक्षेत्र की स्थानीय आबादी के प्रति सामुदायिक उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को दशार्ती है। संस्था का उद्देश्य न केवल खनन गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करना है, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के समग्र विकास और कल्याण में सक्रिय भागीदारी निभाना भी है। एसईसीएल की यह स्वास्थ्य सेवा न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को बेहतर बना रही है, बल्कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है।